# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 15.06.2025 समय : 1905

<><><><><><><><>

- वैश्विक पवन ऊर्जा दिवस के अवसर पर केन्द्रीय मंत्री ने कहा –भारत के नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में अभूतपूर्व वृद्धि हो रही है।
- विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री ने कहा–अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था भारत की विकास गाथा का एक महत्वपूर्ण अंग बनने जा रही है।
- ई–श्रम पोर्टल पर पंजीकृत व्यक्ति अपने दावे तीस जून तक जमा कर सकते हैं।
- शतरंज खिलाड़ी आर कस्तुरी बाई ने दो हजार की लाइव फीडे रेटिंग के साथ महिला कैंडिडेट मास्टर खिताब हासिल की।

<><><><><><><><>

केंद्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा है कि भारत की पवन ऊर्जा क्षमता दस दशमलव पांच प्रतिशत से अधिक की वृद्धि के साथ इक्यावन दशमलव पांच गीगावाट हो गई है। पिछले वर्ष यह क्षमता छियालीस दशमलव चार दो गीगावाट थी। श्री जोशी ने कहा कि बढ़ती क्षमता के साथ देश नवाचार, हरित प्रौद्योगिकी और सतत प्रगति के बल पर आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है। वैश्विक पवन ऊर्जा दिवस के अवसर पर श्री जोशी ने कहा कि भारत के नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में अभूतपूर्व वृद्धि देखी गई है। सौर ऊर्जा से लेकर पवन ऊर्जा तक, राष्ट्र एक उज्जवल और अधिक टिकाऊ भविष्य का मार्ग प्रशस्त कर रहा है। श्री प्रह्लाद जोशी ने बताया कि भारत की सौर ऊर्जा क्षमता ने पिछले ग्यारह वर्षों में लंबी छलांग लगाई है। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा, भारत के नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र की नई प्रेरक शक्ति के रूप में उभरी है। भारत ने जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ाई में अपने कार्बन उत्सर्जन को कम करने के देश के लक्ष्य के तहत वर्ष दो हजार तीस तक नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता के लिए पांच सौ गीगावाट का लक्ष्य रखा है।

<><><><><><><><>

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने कहा है कि आने वाले वर्षों में अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था भारत की विकास गाथा का एक महत्वपूर्ण अंग बनने जा रही है। डॉ. सिंह ने कहा कि पिछले दस वर्षों में मोदी सरकार ने कई अप्रत्याशित निर्णय लिए हैं, जिनमें अंतरिक्ष को निजी क्षेत्र के लिए खोलना और इस वर्ष परमाणु क्षेत्र के बारे में लिए गए निर्णय शामिल हैं। उन्होंने विभिन्न उपायों के माध्यम से पारदर्शिता और नवाचार को आसान बनाने के लिए सरकार के प्रयासों की सराहना की और सेवा संचालित अर्थव्यवस्था से नवाचार संचालित अर्थव्यवस्था में बदलाव पर जोर दिया।

<><><><><><><><>

भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन ले जाने वाले एक्सिओम–4 मिशन का प्रक्षेपण अब उन्नीस जून को होगा। यह घोषणा उन तकनीकी समस्याओं के सफल समाधान के बाद की गई है, जिनकी वजह से मिशन में कई बार देरी हुई।भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन – इसरो, एक्सिओम स्पेस और स्पेसएक्स के बीच हुई बैठक में यह पुष्टि हुई कि फाल्कन–9 रॉकेट में तरल ऑक्सीजन रिसाव की समस्या को ठीक कर लिया गया है। मिशन सफल होने पर शुभांशु शुक्ला अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर जाने वाले पहले और अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय बन जाएंगे। इससे पहले अंतरिक्ष यात्री राकेश शर्मा उन्नीस सौ चौरासी में अंतरिक्ष में गए थे।

<><><><><><><><>

विश्व पर्यावरण दिवस के एक महीने तक चलने वाले अभियान के तहत, भारतीय जनता पार्टी की सिटी जिला टीम ने आज शादीपुर स्थित वनवासी कल्याण आश्रम में वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया। यह कार्यक्रम राज्य उपाध्यक्ष एम. विनोद और जिला अध्यक्ष जीतेंद्र नारायण के नेतृत्व में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राज्य उपाध्यक्ष शीला सिंह, पार्टी नेता और वनवासी कल्याण आश्रम से राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतिभागी शामिल हुए। भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश इकाई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ और

स्वस्थ भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप एक हरियाली, स्वच्छ और टिकाऊ भविष्य के पोषण के लिए प्रतिबद्ध है।

<><><><><><>

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की ओर से असंगठित श्रमिकों का एक व्यापक राष्ट्रीय डेटाबेस बनाने के लिए ई–श्रम पोर्टल लॉन्च किया गया है। मंत्रालय ने पात्र पंजीयकों द्वारा दावों को प्रस्तुत करने और निपटाने की सुविधा के लिए एक ई–श्रम अनुग्रह मॉड्यूल विकसित किया और जिला उपायुक्तों को ऐसे दावों के लिए अनुमोदन प्राधिकारी के रूप में नामित किया गया है। ई–श्रम पोर्टल के तहत दावा निपटान प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तीस जून है। पोर्टल पर पंजीकृत व्यक्ति, जिनकी इक्कतीस मार्च, दो हजार बाईस को या उससे पहले आकस्मिक मृत्यु, आंशिक या स्थायी विकलांगता हुई है और जिन्होंने अभी तक अपने दावे प्रस्तुत नहीं किए हैं, उनसे पोर्टल के माध्यम से अपने दावे प्रस्तुत करने को कहा गया है। लाभार्थी आवश्यक दस्तावेजों के साथ श्रम विभाग के भवन और अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड की सुविधा केंद्र से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><>

इक्कीसवें दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय ओपन शतरंज टूर्नामेंट दो हजार पच्चीस का कल नई दिल्ली में समापन हो गया। इस टूर्नामेंट में लगभग बीस देशों के ढाई हजार से  अधिक खिलाड़ियों ने विभिन्न रेटिंग श्रेणियों में भाग लिया। इसमें द्वीपसमूह के लगभग पन्द्रह युवा खिलाड़ियों ने इस टूर्नामेंट में भाग लिया और श्रेणी ए और सी दोनों ही स्पर्धाओं में शानदार प्रदर्शन किया। श्रेणी सी स्पर्धा में श्रेष्ठ विजय डी ने अपने कौशल का प्रदर्शन करते हुए 'उत्तर पूर्व और अंडमान के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी' श्रेणी में दूसरा स्थान हासिल किया। श्रेणी ए के ग्रैंडमास्टर सेक्शन में आर. कस्तूरी बाई ने पचास से अधिक एलो रेटिंग अंक प्राप्त किए और दो हजार की लाइव फीडे रेटिंग को पार कर लिया। इसके साथ ही, वह महिला कैंडिडेट मास्टर खिताब के लिए पात्र हो गई हैं और फीडे प्लेयर का खिताब हासिल करने वाली इस क्षेत्र की पहली खिलाड़ी बन गई हैं।

<><><><><><>

सरकार अटठहत्तरवें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आज से युवा प्रतिभाओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित कर रही है। पहली प्रतियोगिता का विषय है– 'ऑपरेशन सिंदूर – आतंकवाद के खिलाफ भारत की नीति को फिर से परिभाषित करना'। यह एक द्विभाषी निबंध प्रतियोगिता है। प्रतियोगिता के शीर्ष तीन विजेताओं को दस–दस हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। इसके अलावा उन्हें दिल्ली में लाल किले पर स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल होने का विशेष अवसर मिलेगा। इच्छुक प्रतिभागी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए My Gov की वेबसाइट पर जा सकते हैं। प्रतियोगिता इस महीने की तीस तारीख तक खुली है। दूसरी प्रतियोगिता में, सरकार ने सभी उभरते सोशल मीडिया प्रभावशाली लोगों को भारतीय स्वतंत्रता के किसी भी स्मारक और स्थल पर अपनी सैर का वीडियो और रील बनाने के लिए आमंत्रित किया है। इच्छुक प्रतिभागियों को रील और वीडियो को अपने सोशल मीडिया पेज पर #NewIndia #EmpoweredIndia और #independenceday2025 हैशटैग के साथ पोस्ट करना होगा। शीर्ष तीन विजेता दस–दस हजार रुपये का नकद पुरस्कार जीत सकते हैं। इस बीच, नया भारत सशक्त भारत थीम पर एक पेंटिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की गई है, जिसमें प्रतिभागियों को रंगों के माध्यम से देश की प्रगति और उपलब्धियों को दिखाने का अवसर मिलेगा। प्रतियोगिता के बारे में अधिक जानकारी MyGov वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। सभी प्रतियोगिताएं रक्षा मंत्रालय और MyGovIndia के सहयोग से आयोजित की गई है। यह पोर्टल तीस जून तक खुली रहेंगी।

<><><><><><>

महात्मा गांधी कॉलेज मायाबंदर में यू जी पाठ्यक्रम के विभिन्न विषयों के लिए स्रोत अधिकारियों का पैनल तैयार किया जाएगा। चयनित प्रवक्ताओं को प्रति लेक्चर एक हजार पांच सौ रूपये का मानदेय दिया जाएगा, जिसकी अधिकतम सीमा पचास हजार रूपये प्रतिमाह होगी। पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन फार्म कॉलेज के प्राचार्य के पते पर पच्चीस जून तक जमा किए जा सकते हैं। आवेदन प्रपत्र कॉलेज की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है।

<><><><><><>